प्रेस नोट दिनांक 01.08.2025

थाना भुता जनपद बरेली ।

थाना भुता बरेली पुलिस द्वारा अपनी पत्नी की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या करने वाले पति/हत्यारोपी को किया गिरफ्तार ।

सम्बन्धित मु0अ0सं0 344/25 धारा 85/80(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व ¾ दहेज अधि0

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

अभियुक्त सोमपाल पुत्र वेदराम उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम मगरासा थाना भुता जिला बरेली द्वारा अपनी पत्नी सुमन गंगवार से अतिरिक्त दहेज में 100000/- रूपये की माँग करना माँग पूरी न होने पर प्रताडित करना व दिनांक 31.07.2025 को अपनी पत्नी सुमन गंगवार की पीट-पीटकर हत्या कर देना । उक्त के सम्बन्ध में वादी पूरन लाल पुत्र ईश्वरी प्रसाद उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम मरगापुर थाना क्योलडिया जनपद बरेली की तहरीर के आधार पर थाना हाजा पर दिनांक 31.07.2025 को मु0अ0सं0 344/25 धारा 85/80(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व ¾ दहेज अधि0 पंजीकृत हुआ ।

सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाही:-

दिनाँक 01.08.2025 को प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार, उ0नि0 श्री ऋषिमित्र, का0 2819 रमाकान्त, का0 3389 मोहित तोमर मय सरकारी वाहन UP 25 AG 0753 मय चालक हे0का0 383 संजीव कुमार के विवेचना व तलाश वांछित हेतु थाना क्षेत्र में मामूर थे तो मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सोमपाल पुत्र वेदराम उम्र करीब 31 वर्ष निवासी ग्राम मगरासा थाना भुता जिला बरेली अहिरौला तिराहे से समय 09.30 बजे गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी ।

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण:-

1. मु0अ0सं0 344/25 धारा 85/80(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 व ¾ दहेज अधि0 ।

पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरण-

अभियुक्त सोमपाल ने बताया कि मैं ग्राम मगरासा थाना भुता जनपद बरेली का रहने वाला हूँ। मेरे पिता का नाम वेदराम है । अभियुक्त की उम्र 31 वर्ष है । अभियुक्त भगवतसरन द्वारा बताया गया कि मेरी शादी 05 वर्ष पूर्व सुमन गंगवार पुत्री पूरनलाल निवासी ग्राम मरगापुर थाना क्योलडिया जनपद बरेली से हुयी थी। दिनाँक 31.07.2025 को मेरे द्वारा दहेज की माँग पूरी न होने के कारण पत्नी सुमन गंगवार की मारपीट कर हत्या कर दी गयी ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार थाना भुता जनपद बरेली ।
2. उ0नि0 श्री ऋषिमित्र थाना भुता जनपद बरेली ।
3. का0 2819 रमाकान्त थाना भुता जनपद बरेली ।
4. का0 3389 मोहित तोमर थाना भुता जनपद बरेली ।